# University in News on 31 May 2021

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

HINDUSTAN PAGE 6 & 7

## नैक की ए ग्रेड रैंकिंग के लिए एलयू की तैयारी

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

**05** वर्ष का डेटा विशेष रैंकिंग हासिल करने के लिए प्रस्तुत किया जाएगा

लखनऊ विश्वविद्यालय में एक बार फिर नैक की ग्रेड ए रेटिंग पाने के लिए कवायद शुरू हो गई है। रविवार को इसको लेकर आइक्यूएसी की ऑनलाइन बैठक हुई।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के आइक्यूएसी निदेशक और उनकी टीम, सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, विभाग समन्वयक, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक, आदि सभी वरिष्ठ अधिकारियों व अध्यापक बैठक में शामिल रहे। आइक्यूएसी निदेशक राजीव मनोहर ने सबके सामने नैक के इस ग्रेड ए के आवेदन की तैयारी का संपूर्ण विवरण एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से रखा। राजीव मनोहर ने दावा किया है कि विश्वविद्यालय ने मान्यता के लिए नैक ढांचे में आवेदन के लिए अपनी सभी आंतरिक आवश्यकताओं को पूरा कर लिया है। उन्होंने उल्लेख किया कि इस विशेष रैंकिंग के लिए 130 श्रेणियों पर सभी विवरणों के साथ ऑनलाइन प्रक्रिया में नैक पोर्टल पर प्रस्तुत करने की तैयारी कर ली गई हैं।

## छात्राओं के साथ मासिक धर्म सुरक्षा पर बात

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने टीम गर्लअप रूही के सहयोग से रविवार को मासिक धर्म स्वच्छता पर एक वेबिनार का आयोजन किया। लविवि कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन में, एच.ओ.डी. भौतिकी विभाग और छात्र कल्याण की डीन प्रोफेसर पूनम टंडन, डीन रिसर्च प्रोफेसर मोनिशा बनर्जी, वक्ता डॉ. निशा सिंह ने वेबिनार में छात्राओं के साथ इस विषय में विस्तार से बातें की। वेबिनार में मासिक धर्म के बारे में सामान्य ज्ञान, मासिक धर्म से संबंधित बीमारियों, मिथकों पर चर्चा की गई।

PIONEER PAGE 3

## नैक से ग्रेडिंग के लिए जल्द दावा करेगा एलयू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) से मूल्यांकन के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय जल्द दावा करने की तैयारी में है। विवि का दावा है कि इस बार एलयू को अच्छे ग्रेड हासिल होंगे। इस बाबत रविवार को विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में एक बैठक भी सम्पन्न हुई। बैठक में इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल के निदेशक प्रो राजीव मनोहर ने उपस्थित सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में आवेदन की तैयारी का संपूर्ण विवरण एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से रखा। प्रो मनोहर ने कहा कि विश्वविद्यालय का अंतिम लक्ष्य नैक रैंकिंग में अच्छे ग्रेड प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने मान्यता के लिए नैक ढांचे में आवेदन के लिए अपनी सभी आंतरिक आवश्यकताओं को पूरा कर लिया है। उन्होंने उल्लेख किया कि इस विशेष रैंकिंग के लिए 5 वर्ष का डेटा प्रस्तुत किया गया है और लगभग 130 अलग अलग श्रेणियों पर सभी विवरणों के साथ सभी सहायक दस्तावेजों को एक ऑनलाइन प्रक्रिया में नैक पोर्टल पर प्रस्तुत करने की तैयारी संपन्न कर ली गई हैं। इस दिशा में लखनऊ विश्वविद्यालय ने अंतिम रूप में नैक टेम्पलेट्स के अनुसार पिछले 5 सत्रों के लिए अपना डेटा तैयार किया है। क्योंकि हम बड़ी संख्या में छात्रों को संभालने वाले एक बड़े विश्वविद्यालय है, हमारा डेटा बड़ा है और हमें आवश्यक स्वरूपों में दस्तावेज़ों को औपचारिक रूप देने के लिए बहुत प्रयास करने पड़ते हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी विश्वविद्यालय या शिक्षण संस्थान के लिए नैक इवैल्यूएशन के लिए एक सेल्फ स्टडी रिपोर्ट जमा करना होता है।

JAGRAN CITY PAGE I

## रिपोर्ट तैयार, नैक के लिए आवेदन जल्द

दो साल बाद लखनऊ विवि ने नैक (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) से मूल्यांकन के लिए सेल्फ स्टडी रिपोर्ट तैयार कर ली है। रविवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में तैयारी को लेकर आनलाइन बैठक हुई। जल्द ही विवि नैक मूल्यांकन के लिए आवदेन करेगा। जिसके बाद नैक टीम लविवि का दौरा करेगी। रविवार को हुई आनलाइन बैठक में इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल (आइक्यूएसी) के निदेशक प्रो. राजीव मनोहर, उनकी टीम के साथ सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, विभाग समन्वयक, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक भी शामिल हुए। आइक्यूएसी निदेशक प्रो. राजीव मनोहर ने नैक आवेदन की तैयारी पर प्रजेंटेशन दिया।

RASHTRIYA SAHARA PAGE 5

## नैक ग्रेडिंग को लेकर फिर शुरू हुई कवायद

लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने की बैठक, पिछले छह वर्षों से अटका है मामला



लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध केकेसी समेत आधा दर्जन कॉलेजों को भले ही नैक का ग्रेड ए मिल चुका हो लेकिन लखनऊ विश्वविद्यालय पिछले कई वर्षों से अछूता रहा है। हाल यह है कि पिछले दो कुलपति एस.वी. निम्से और सुरेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय को नैक का ग्रेड ए दिलवाने का प्रयास किया लेकिन वहां तक पहुंच नहीं पाए। लखनऊ विश्वविद्यालय में एक वार फिर नैक के ग्रेड ए को पाने के लिए कवायद शुरू हो गई है।

रविवार को इसको लेकर विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में एक वैठक आयोजित की गई, जिसमें आइक्यूएसी निदेशक राजीव मनोहर ने कई शिक्षकों को काम सौंपे हैं। वैठक में आइक्यूएसी निदेशक राजीव मनोहर ने सवके समक्ष नैक के ग्रेड ए के आवेदन की तैयारी का संपूर्ण विवरण एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से रखा। राजीव मनोहर ने दावा किया है कि विश्वविद्यालय ने नैक में आवेदन के लिए अपनी सभी आवश्यकताओं को पूरा कर लिया है।

उन्होंने उल्लेख किया कि इस विशेष रैंकिंग के लिए पांच वर्ष का डेटा प्रस्तुत किया गया है और लगभग 130 अलग-अलग श्रेणियों पर सभी विवरणों के साथ सभी सहायक दस्तावेजों को एक ऑनलाइन प्रक्रिया में नैक पोर्टल पर प्रस्तुत करने की तैयारी कर ली गई है। उन्होंने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के समक्ष दावा किया कि लखनऊ विश्वविद्यालय यह तैयारी पूरी कर चुका है और वहुत जल्द फाइनल एप्लीकेशन विश्वविद्यालय की ओर से जमा कर दी जाएगी।

AMRIT VICHAR PAGE 2

## दावा: नैक की ए ग्रेड रैंकिंग पाने को एलयू तैयार

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में एक बार फिर नैक की ग्रेड ए रेटिंग पाने के लिए कवायद शुरू हो गई है। रविवार को इसको लेकर आइक्यूएसी की ऑनलाइनल बैठक हुई। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के आइक्यूएसी निदेशक और उनकी टीम, सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, विभाग समन्वयक, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक, आदि सभी वरिष्ठ अधिकारियों व अध्यापक बैठक में शामिल रहे। आइक्यूएसी निदेशक राजीव मनोहर ने सबके सामने नैक के इस ग्रेड ए के आवेदन की तैयारी का संपूर्ण विवरण एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से रखा। राजीव मनोहर ने दावा किया है कि विश्वविद्यालय ने मान्यता के लिए नैक ढांचे में आवेदन के लिए अपनी सभी आंतरिक आवश्यकताओं को पूरा कर लिया है।

SWATANTRA BHARAT PAGE 4

## नैक की ए ग्रेड रैंकिंग पाने को एलयू तैयार

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में एक बार फिर नैक की ग्रेड ए रेटिंग पाने के लिए कवायद शुरू हो गई है। रविवार को इसको लेकर आइक्यूएसी की ऑनलाइनल बैठक हुई। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के आइक्यूएसी निदेशक और उनकी टीम, सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, विभाग समन्वयक, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक, आदि सभी वरिष्ठ अधिकारियों व अध्यापक बैठक में शामिल रहे। आइक्यूएसी निदेशक राजीव मनोहर ने सबके सामने नैक के इस ग्रेड ए के आवेदन की तैयारी का संपूर्ण विवरण एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से रखा। राजीव मनोहर ने दावा किया है कि विश्वविद्यालय ने मान्यता के लिए नैक ढांचे में आवेदन के लिए अपनी सभी आंतरिक आवश्यकताओं को पूरा कर लिया है। उन्होंने उल्लेख किया



कि इस विशेष रैंकिंग के लिए 5 वर्ष का डेटा प्रस्तुत किया गया है और लगभग 130 अलग अलग श्रेणियों पर सभी विवरणों के साथ सभी सहायक दस्तावेजों को एक ऑनलाइन प्रक्रिया में नैक पोर्टल पर प्रस्तुत करने की तैयारी कर ली गई हैं। उन्होंने कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के समक्ष दावा किया कि लखनऊ विश्वविद्यालय आज के दिन में यह तैयारी पूरी कर चुका है, और बहुत जल्द फाइनल एप्लीकेशन विश्व विद्यालय की तरफ से जमा कर दी जाएगी।